Made with Xodo PDF Reader and Editor

YKP-52

No. of Printed Pages : 4

2023

# सामान्य हिन्दी एवं आलेखन

निर्धारित समय : 2 घंटे 30 मिनट

अधिकतम अंक : 100

## विशेष अनुदेश

*नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दाहिनी ओर दिए गए हैं।*

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे सम्बद्ध प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *21*

विषमता के निराकरण के लिए, समता की स्थापना के लिए, केवल ऐतिहासिक नियति, सृष्टि नियम ही पर्याप्त नहीं हैं, उसमें पुरुष के पुरुषार्थ की भी आवश्यकता है। यदि प्रकृति के नियमों से ही अपने-आप समाज-परिवर्तन होता हो, क्रांति होती हो, तो फिर पुरुष के लिए कोई स्थान नहीं रह जाता है। वह नियति का एक पुर्जा, एक उपकरण बन जाता है और फिर उसे आप जिम्मेवार नहीं मान सकते हैं। पुनर्जन्म का मुझे प्रत्यय नहीं है। इसलिए मैंने उसे 'उपपत्ति' कहा। लेकिन उस उपपत्ति में से जो सबसे बड़ी बात मैंने सीखी, वह यह कि अपने देव का निर्माता और अपनी नियति का नियंता मनुष्य है।

प्रश्न है कि मनुष्य यदि भोगयोनि नहीं है, तो क्या वह प्रकृति के नियमों के अनुसार नहीं चलता ? इसका उत्तर यही है कि जो प्रकृति का केवल अनुसरण करता है, उसे हमने मनुष्य कभी नहीं माना। मनुष्य केवल प्राकृत नहीं है, सुसंस्कृत है, मनुष्य-स्वभाव मुख्य रूप से संस्कारजन्य है। पशु-स्वभाव केवल प्रकृति-सिद्ध है। स्वभाव भूतमात्र का; प्राणिस्वभाव प्राणिमात्र का। मनुष्य-स्वभाव मनुष्य का विशिष्ट स्वभाव है।

(क) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। *3*

(ख) प्रस्तुत गद्यांश का सारांश लिखिए। *6*

(ग) प्रस्तुत गद्यांश के रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए। *12*



AnyScanner

Made with Xodo PDF Reader and Editor



**2.** निम्नलिखित सरकारी पत्र का सारणी रूप (tabular form) में सार लिखिए : *15*

पत्रांक 2478/लो.नि.वि./24-25

प्रेषक

सचिव
लोक निर्माण विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

मुख्य अभियंता (क्षेत्रीय)
लोक निर्माण विभाग
प्रयागराज परिक्षेत्र

लखनऊ, दिनांक 25 अक्टूबर, 2025

विषय : राज्य-राजमार्गों के निर्माण के संबंध में।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रयागराज मंडल में तीन नए राजमार्गों के निर्माण का आदेश दिया गया है। निर्देश है कि प्रयागराज परिक्षेत्र के अंतर्गत सभी जिलों में सड़क-मरम्मत कार्यों के साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन शासन को प्रेषित किया जाए। प्रतिवेदन में चिह्नित तीनों राजमार्गों की भूमि-अधिग्रहण सम्बन्धित समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण कराते हुए एक माह में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

भवदीय
(सचिव)
क.ख.ग.

पृष्ठांकन : 2478/लो.नि.वि./2025

प्रतिलिपि, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज को इस दिशा-निर्देश के साथ प्रेषित कि स्थानीय विधायक अथवा अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में भूमि-अधिग्रहण हेतु किसानों से वार्ता करें।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *3×8=24*

(क) शासकीय और अर्द्ध-शासकीय पत्र का भेद और वैशिष्ट्य बताइए। किसी एक शासकीय पत्र का प्रारूप बताने हेतु उदाहरणस्वरूप एक शासकीय पत्र लिखिए। *8*

(ख) कार्यालय आदेश की विशेषताएँ बताइए एवं उदाहरणस्वरूप एक कार्यालय आदेश लिखिए। *8*

(ग) अनुस्मारक क्या है ? अनुस्मारक का प्रारूप दीजिए। *8*



AnyScanner

Made with Xodo PDF Reader and Editor



**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×10=30

(क) निम्नलिखित अंग्रेज़ी शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए : 10

(i) Acquisition of Land

(ii) Admissible

(iii) Mutation

(iv) Repeal

(v) Debar

(ख) निम्नलिखित हिन्दी शब्दों के अंग्रेज़ी रूप लिखिए : 10

(i) साक्ष्यांकन

(ii) कार्मिक

(iii) नियुक्ति पत्र

(iv) निदेश

(v) प्रतिलिप्यधिकार

(ग) निम्नलिखित मुहावरे एवं लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 10

(i) अक्ल पर परदा पड़ना

(ii) आग पर पानी डालना

(iii) ईंट का जवाब पत्थर

(iv) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता

(v) आ बैल मुझे मार



AnyScanner

Made with Xodo PDF Reader and Editor



5. कम्प्यूटर संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) कम्प्यूटर सिस्टम में सीपीयू (CPU) का क्या उपयोग है ? उन उपयोगों को बिन्दुवार लिखिए। 2

(ख) कम्प्यूटर प्रोग्राम को परिभाषित कीजिए। कम्प्यूटर की मेमोरी में किस प्रकार का प्रोग्राम स्टोर किया जाता है ? 2

(ग) माइक्रोसॉफ़्ट पावरप्वॉइंट साधन का उपयोग किन-किन कार्यों के लिए किया जाता है ? इसके समकक्ष अन्य प्रचलित साधनों के बारे में भी लिखिए। 2

(घ) वॉट्सऐप जैसे प्लेटफ़ार्मों में प्रयुक्त होने वाले इंड-टू-इंड इनक्रिप्शन (End-to-end encryption) का क्या अर्थ होता है ? 2

(ङ) आजकल कम्प्यूटर जगत में किस-किस प्रकार के खतरे प्रचलित हैं ? कुछ महत्त्वपूर्ण खतरों को चिह्नित कीजिए। 2



SCAN AnyScanner